हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 28 जून 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 दो महीने में हाथियों ने ली सात लोगों की जान












## हादसे में दो युवकों की मौत, पत्नी के जन्मदिन का केक लेने जरही गया था युवक

# बाइक सवारों को कुचलते पुल से नीचे गिरा केमिकल लोड टैंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

गुरुवार की देर शाम अंबिकापुर-बनारस स्टेट हाइवे पर तेज रफ्तार कैमिकल लोड टैंकर बाइक सवार दो युवको को कुचलते हुए पुल से नीचे जा गिरा। घटना सूरजपुर जिले के जरही अंतर्गत मसान नाला पुल पर हुई। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक युवक अपने साथी के साथ पत्नी जन्मदिन मनाने के लिए सामान लेने निकला था। इस घटना के बाद एक साथ दो परिवारों की खुशियां मातम में बदल गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने स्टेट हाइवे पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा समझाइश देकर मामला शांत कराया और परिजन को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के ग्राम दुरती निवासी 28 वर्षीय इमरान के पत्नी का जन्म दिन 27 जून को था। ऐसे में 26 जून को इमरान अपने साथी बिसाही पोंडी निवासी 28 वर्षीय उत्तम चौधरी के साथ बाइक बाइक से केक व अन्य सामान खरीदने के लिए शाम 4 बजे जरही गया हुआ था और सामान की खरीददारी करने के बाद दोनों दोस्त वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान शाम लगभग 5.30 बजे जब वे मसान नाला पर पहुंचे तो बनारस की ओर से केमिकल लेकर आ रहे टैंकर क्रमांक केए 51 एएच 4515 का चालक बिहार निवासी शशि रंजन यादव तेज गति से वाहन चलाते हुए सामने जा रहे ट्रकों और एक बस को ओवरटेक करते हुए पुलिया में घुसा दिया और इसके बाद बेकाबू टैंकर बाइक सवार युवकों को कुचलते हुए पुल का रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गया। इस हादसे में बाइक चला रहे इमरान का हाथ कट गया और सिर भी फट गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि टैंकर की टक्कर से उछलकर उत्तम चौधरी पुल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसके बाद परिजन घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में सोनगरा के समीप उत्तम चौधरी ने भी दम तोड़ दिया।



पुल के नीचे केमिकल लोड टैंकर।

### टैंकर गिरने से मचा हड़कंप

इधर इस हादसे में केमिकल लोड टैंकर पुल से नीचे गिर गया जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा लोगों को टैंकर के नजदीक जाने से रोका गया। वहीं इस घटना में टैंकर चालक शशि रंजन यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए सीएचसी भटगांव में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल चालक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

बुधवार की शाम हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया। सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने स्टेट हाइवे पर चक्का जाम कर दिया। हाइवे पर चक्का जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद मृतक के परिजन को तात्कालिक सहायता राशि रपदान की गई। वहीं भटगांव थाना प्रभारी जगन साय कंवर ने मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब चक्काजाम समाप्त हो सका। इस हादसे में एक साथ दो परिवारों की खुशियां मातम में बदल गई। बताया जा रहा है कि मृतक इमरान पोल्ट्री फार्म का व्यवसाय करता था। उसका एक बच्चा भी है। वहीं उत्तम चौधरी के दो बच्चे हैं। भटगांव पुलिस ने मामले में धारा 304 ए का अपराध दर्ज किया है।

## सड़क पर पैदल चल रहे युवक को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

- आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 130 पर किया चक्का जाम, ढाई घंटे तक आवागमन प्रभावित

**लखनपुर/रजपुरीकला।** गुरुवार की सुबह एनएच 130 पर सड़क किनारे चल रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। इधर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं व मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया जिससे एनएच के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। जाम के कारण लगभग ढाई घंटे तक मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। वहीं सड़क हादसे में इकलौते बेटे की मौत से परिजन सदमे में है।

बताया जा रहा है कि रजपुरीकला कंवर पारा निवासी 19 वर्षीय संदीप सिंह पैकरा आ. दुहन सिंह पैकरा गुरुवार की सुबह 9.30 बजे सड़क किनारे संचालित प्रीतम किराना दुकान में सामान लेने के लिए गया हुआ था। युवक सामान लेकर वापस पैदल ही घर की ओर लौट रहा था। इस दौरान बिलासपुर की ओर से आ रहे माह वाहक ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे चल रहे युवक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर अंबिकापुर की ओर भाग निकला। इधर ट्रक की टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक की टक्कर से युवक की मौत के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए। आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने एनएच 130 पर टायर जलाकर चक्का जाम किया। ग्रामीणों का कहना था कि रजपुरीकला में अब तक आठ से नौ लोगों की मौतें हो चुकी है लेकिन किसी भी मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई और ना ही उन्हें मुआवजा मिला। ग्रामीणों द्वारा दोषियों पर कार्रवाई और मुआवजा की मांग की जा रही थी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीओपी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार समेत लखनपुर व उदयपुर की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को समझाइश दी गई। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। सड़क पर यात्री बसों, चार पहिया वाहनों के साथ ही माल वाहक वाहनों के पहिए थम गए। ग्रामीणों ने सड़क पर ब्रेकर की मांग भी की है। मौके पर पहुंचे अधिकारियों द्वारा मृतक के परिजन को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान करने के साथ ही दोषी ट्रक चालक पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया जिसके बाद मामला शांत हो सका। अधिकारियों की समझाइस के बाद लगभग ढाई घंटे उपरान्त एनएच पर आवागमन सामान्य हो सका।




शव रखकर चक्काजाम करते क्षेत्रवासी।

**खबर संक्षेप**

### धारा 170 ख संबंधित आवेदनों के लिए स्पेशल कोर्ट प्रारम्भ

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर द्वारा आदिवासी जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए भू राजस्व संहिता की धारा 170 ख के तहत आने वाले प्रकरणों को विशेष अभियान चलाकर निराकृत किए जाने हर गुरुवार को शाम 4 से 5 बजे तक स्पेशल कोर्ट की पहल की गई है। आज से इसकी शुरुआत हो चुकी है। गुरुवार को कलेक्टर कोर्ट में आवेदन लेने और सुनवाई करने सभी एसडीएम मौजूद रहे। पहले दिन चार प्रकरणों पर सुनवाई की गई। बता दें कि भू राजस्व संहिता की धारा 170ख अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति द्वारा धारित भूमि के गैर अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति को अंतरण या कब्जे में होने से जुड़े प्रकरणों से संबंधित है। इन प्रकरणों में अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा जांच एवं सुनवाई की जाती है।

### ग्रामीण से ढाई सौ ग्राम गांजा व नगद बरामद

**अंबिकापुर।** लखनपुर पुलिस ने आरोपी के पास से ढाई सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 25 जून को मुखबिर के जरिए मिली के आधार पर पुहपुटरा निवासी 60 वर्षीय सोहन दास को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो झोले से 260 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। इसके साथ ही आरोपी के पास से गांजा बिक्री की रकम 500 रुपए भी जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# स्व. इंदिरा सिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे देश व प्रदेश के नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पायलट, शैलजा, बैज व महंत समेत कई दिग्गज नेता पहुंचे सरगुजा, पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव से की मुलाकात

राजपरिवार की सदस्य स्व. श्रीमती इंदिरा सिंह के निधन उपरान्त आज तेरहवी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान देश व प्रदेश के बड़े नेता ने तेरहवी में शामिल हुए और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि सरगुजा राज परिवार की सदस्य श्रीमती इंदिरा सिंह का निधन का 15 जून को हो गया था। निधन उपरान्त प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने उन्हें मुखाग्नि दी। श्रीमती इंदिरा सिंहदेव के निधन के बाद सीएम डॉ. विष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्रियों, प्रदेशभर के नेताओं व अधिकारियों का आगमन सरगुजा में लगा रहा।

इस दौरान उन्होंने पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव से उनके तपस्या निवास में मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं आज पूर्व डिप्टी सीएम के निवास तपस्या में तेरहवीं का कार्यक्रम किया गया। तेरहवीं में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, कांग्रेस महासचिव व सांसद कुमारी शैलजा, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ सह प्रभारी डॉ. चन्दन यादव, विजय जांगिड़, विधायक कवासी लखमा, जय सिंह अग्रवाल, विनय जायसवाल, अमरजीत भगत, छबील कर्मा, प्रदेश के कांग्रेस समर्थित महापौर के साथ ही प्रदेश व देशभर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने इंदिरा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव व शोकाकुल परिवार से मुलाकात की।



श्रद्धांजलि देते सचिन पायलट एवं अन्य कांग्रेसी नेता।

### मौसम खराब होने के कारण नहीं उड़ा सचिन पायलट का प्लेन

आज राज परिवार की सदस्य श्रीमती इंदिरा सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, सांसद कुमारी शैलजा, डॉ. चन्दन यादव, विजय जांगिड़, जय सिंह अग्रवाल, दीपक बैज के प्लेन में सवार होकर पहुंचे थे। उनका प्लेन दरिमा हवाई पट्टी पर दोपहर लगभग 3.40 बजे लैंड किया। इसके बाद लगभग 4 बजे से सरगुजा में जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होने के बाद मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के बाद पायलट ने प्लेन टेक ऑफ करने से मना कर दिया। खराब मौसम में प्लेन नहीं उड़ पाने की स्थिति में सभी वरिष्ठ नेता सड़क मार्ग से रायपुर के लिए रवाना हुए।

## पिकअप व कार में भिड़ंत, डॉ. समशुद्दोहा के पुत्र को आई गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- अंबिकापुर-रेणुकूट मार्ग पर हुई घटना

गुरुवार की सुबह अंबिकापुर-रेणुकूट मार्ग पर पिअकप और कार के बीच हुई भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। यह घटना उत्तर प्रदेश के बभनी क्षेत्र में हुई है। सड़क हादसे में अंबिकापुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सम्सुद्दोहा के पुत्र समेत तीन लोग घायल हुए है। घायलों में से डॉक्टर के पुत्र की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर निवासी 28 वर्षीय मोहम्मद आदिल आ. डॉ. समशुद्दोहा कार क्रमांक सीजी 15 ईबी 2479 से बनारस जा रहे थे। कार को अंबिकापुर निवासी 28 वर्षीय आशीष आ. हरिहर चला रहा था। इस दौरान सुबह लगभग 6.30 बजे अंबिकापुर रेणुकूट मार्ग पर ग्राम संवरा में सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 7930 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि टक्कर के बाद कार का एयर बैग खुल गया लेकिन इस घटना में डॉ. समशुद्दोहा के पुत्र आदिल गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि कार चालक आशीष को भी गंभीर चोट आई। इसके साथ ही घटना में पिकअप चालक चंदौली नौगढ़ निवासी 25 वर्षीय इंदल आ. लालजी यादव को भी मामूली चोट आई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी में भर्ती कराया गया है जहां से आदिल को जिला अस्पताल रिफर किया गया था।



## जांच के लिए पहुंची महिला पटवारी के साथ सरपंच ने की गाली-गलौज

- थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने दर्ज किया अपराध

तहसीलदार द्वारा दिए गए स्थगन आदेश के बाद भूमि जांच करने गई महिला पटवारी के साथ सरपंच व अन्य लोगों द्वारा गाली गलौज करने व शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। इस मामले में पटवारी की शिकायत पर पुलिस ने सरपंच सहित अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं सरपंच ने भी थाने में आवेदन देकर पटवारी पर गंभीर आरोप लगाए है। बताया जा रहा है कि तहसीलदार यशवंत कुमार सिंह द्वारा 20 मार्च को भूमि संबंधी प्रकरण में खसरा नंबर 40/17 रकबा 0.709 हेक्टयेर भूमि स्थगन आदेश का मौका जांच करने का निर्देश दिया था। तहसीलदार के आदेश के बाद पटवारी हल्का नंबर 4 आशा पैकरा 25 जून को उक्त प्रकरण के मामले में भूमि का नाप जोख करने गई हुई थी। आरोप है कि जैसे ही उन्होंने जांच प्रारम्भ की गांव के सरपंच ललित भगत, कुंती यादव द्वारा उनके साथ अश्लील व अभद्र गाली गलौज शुरू कर दिया गया। इसके साथ ही गांव के विजय यादव, राजेश यादव, अवधेश यादव ने भी सरपंच ललित व कुंती के साथ मिलकर गाली गलौज करने के साथ ही सस्पेंड कराने की धमकी दी गई। इस घटना के बाद पटवारी बिना जांच किए ही मौके से वापस आ गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पटवारी संघ ने 26 जून को बैठक की और बैठक उपरान्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने मामले में एफआईआर के निर्देश थाना प्रभारी को दिए थे। इसके बाद आज तहसीलदार यशवंत सिंह, पटवारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पवन पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पटवारी थाने पहुंचे जहां महिला पटवारी आशा पैकरा की शिकायत पर पुलिस ने सरपंच ललित भगत व अन्य के खिलाफ धारा 294, 186, 353, 332, 147 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं इस मामले में सरपंच ललित भगत ने भी थाना प्रभारी को आवेदन दिया है जिसमें उसने महिला पटवारी द्वारा गांव में जाकर सरपंच से गाली गलौज करने व चप्पल लेकर दौड़ाने का आरोप लगाया है। फिलहाल सरपंच की शिकायत पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है।



## मानसून की वर्षा ने किया 100 मिमी का आंकड़ा पार, अभी 135 मिमी वर्षा की जरूरत

# एक घंटे में हुई 52 मिमी वर्षा, उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में मानसून की कमजोर दस्तक के बाद पिछले दो दिनों से अच्छी वर्षा हो रही है। गुरूवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में बादल जमकर बरसे। मौसम विभाग द्वारा 51.8 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है।

सरगुजा में मानसून की दस्तक काफी कमजोर रही। मानसून बरसे बिना ही आगे निकल गया था जिसके कारण उमस बढ़ गई थी। बंगाल की खाड़ी में अनुकूल परिस्थितियां बनने पर पिछले दो दिनों से अच्छी वर्षा हो रही है। बुधवार को बलरामपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हुई वहीं गुरूवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार वर्षा हुई। मौसम विभाग ने एक घंटे में 51.8 मिमी वर्षा रिकार्ड किया है। खाड़ी में अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने के कारण मौसम विज्ञानी शुक्रवार को भी अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मूसलाधार वर्षा होने से उमस से राहत मिली है वहीं कृषक खरीफ फसल की तैयारियों में जुट गए हैं।

मूसलाधार वर्षा होने के बाद अधिकतम तापमान तो यथावत है लेकिन न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी के अनुसार ठंड एवं बरसात में यदा-कदा ऐसी स्थिति निर्मित होती है जब दिन में न्यूनतम तापमान में गिरावट आती है। मौसम विभाग द्वारा सुबह न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो वर्षा के बाद गिरकर 22.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विज्ञान की भाषा में इसे लोअर मिनिमम का नाम दिया गया है। जून के महीने में सरगुजा में 221 मिमी औसत वर्षा होती है। मानसून सत्र में वर्षा ने 100 मिमी का आंकड़ा पार कर लिया है लेकिन शेष बचे दिनों में औसत वर्षा का आकड़ा पूरा होने के लिए 135 मिमी वर्षा की जरूरत होगी।




वर्षा के दौरान सूनी सड़क।

## व्यावसायियों के 28 लाख रुपए लेकर फरार हुआ व्यापारी

**अंबिकापुर।** रामानुजगंज में गल्ला व्यवसायी लोगों का अनाज व महुआ देने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी कर फरार हो गया। आरोपी ने पहले तो क्षेत्र के लोगों का भरोसा हासिल कर उनसे रुपए ले लिए लेकिन फिर अपना सामान और कारोबार समेट कर फरार हो गया।

घटना के बाद व्यवसायियों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। रामानुजगंज निवासी राजू राय आ. मकर बहादुर राय लम्बे समय से व्यवसाय कर रहा था और लोगों से गेंहू, महुआ, सरसों व अन्य सामान की खरीदी करता था। 29 मई को राजू राय वार्ड क्रमांक 12 निवासी रामबृक्ष गुप्ता के घर पहुंचा और पैसे की आवश्यकता बताकर बदले में 90 से 100 क्विंटल गेंहू देने का वादा किया। ऐसे में व्यवसायी ने भी पुराना व्यापारी होने के कारण चेक के माध्यम से राजू राय के खाते में आरटीजीएस कर 2 लाख 11 हजार 500 रुपए भेज दिए। रुपए लेने के बाद लगातार राजू राय गेंहू देने के नाम पर टाल मटोल करता रहा। इस बीच रामबृक्ष व अन्य व्यापारी जब उसके घर पहुंचे तो पता चला कि राजू राय सामान व घर बेचकर फरार हो गया है।

शातिर आरोपी राजू राय ने नगर के नंदलाल गुप्ता से 3 लाख 34 हजार 890 रुपए, नवीज पाल से 2 लाख 65 हजार 620 रुपए, संतोष से 1 लाख 2000 रुपए, सद्दाम अंसारी से 2 लाख 28 हजार रुपए, सुनील कुमार से 3 लाख रुपए, पंचम पाल 8 लाख 30 हजार 400 रुपए, नंदूलाल से 5 लाख 56 हजार 800 रुपए कुल 28 लाख 29 हजार 210 रुपए की ठगी की गई है।



## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत की सामान्य सभा आज

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभाकक्ष में 28 जून को दोपहर 2 बजे सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई है। जनपद पंचायत सीईओ ए.पन्ना ने बैठक का एजेण्डा जारी कर दिया है, इसके मुताबिक बैठक में विभागीय समीक्षा, पेंशन/सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दुकान नीलामी पर चर्चा, तालाब प्लीज पर चर्चा, 15 वां वित बीपीडीपी कार्य योजना वर्ष 2024-25 पर चर्चा एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा कर संकल्प पारित किया जाएगा। सीईओ ने आहूत बैठक में संपूर्ण जानकारी साथ समय पर उपस्थित रहने के लिए सभी विभागीय अधिकारी को कहा है।

### प्राथमिक शाला लटमा में प्रवेशोत्सव आज

**बैकुण्ठपुर।** स्कूल खुलने के साथ ही शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी शुरू हो गया है। इसी क्रम में जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र के विकासखंड़ स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 28 जून को आयोजित किया गया है। जानकारी के अनुसार विकासखंड़ स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव पीएम श्री प्राथमिक शाला लटमा के परिसर में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है।

### ग्राम पंचायत नेरूआ में गाज से बालक की मौत

**मनेन्द्रगढ़।** कोटाडोल थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत नेरूआ में अकाशीय बिजली की चपेट में आने से श्याम सुंदर बालंद पिता रामधनी बालंद उम्र 12 वर्ष निवासी ग्राम मुसरा थाना मनेन्द्रगढ़ की मौके पर मौत हो गई। एक मुर्गे की भी मौत हुई। इस घटना में एक युवती घायल हो गई है, जिसका उपचार जारी है।

### शासी परिषद की बैठक का आयोजन 3 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास की बैठक कलेक्टर एवं अध्यक्ष शासी परिषद विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में 3 जुलाई को बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्यय लेखा का प्रस्तुतिकरण, लेखा परीक्षा रिपोर्ट, वार्षिक प्रतिवेदन, स्वीकृत कार्यो के कार्योत्तर स्वीकृति एवं निरस्त कार्यों का अनुमोदन किया जाएगा। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन तथा अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से नियत तिथि व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भारत सरकार को आनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक प्रस्तुत किया जाएगा।

अब सिमट रहा दायरा, शासन-प्रशासन से पहल की मांग

# कोड़या सागर का अस्तित्व खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट ग्राम खरवत में प्राचीन जलाशय का दायरा अब सिमटता जा रहा है, इसके देख-रेख करने के साथ अतिक्रमण को हटाए जाने की जरूरत है, अन्यथा इस दिशा में बरती जा रही लापरवाही आने वाले कुछ वर्षो में प्राचीन जलाशय के अस्तित्व के लिए खतरा हो सकता है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर कार्यालय के निकट ही ग्राम खरवत में रियासतकाल के दौरान निर्मित कोड़या सागर बांध का निर्माण कराया गया था, तब बांध का जल क्षेत्र लगभग 45 एकड़ में विस्तारित था। समय बीतने के साथ आज कई वर्षों बाद कोड़या जलाशय सिमटता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कोड़या सागर बांध के जल क्षेत्र पर अतिक्रमण करने के कारण बांध के जल क्षेत्र का दायरा सिमटता जा रहा है, जिसकी ओर अब तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कई किसानों के द्वारा बांध क्षेत्र की भूमि पर अतिक्रमण कर खेती के लिए उपयोग करने लगे, ऐसा वर्ष दर वर्ष बांध क्षेत्र की भूमि में अतिक्रमण किए जाने के कारण बांध क्षेत्र का दायरा लगातार कम होते चला गया। इसी प्रकार मुख्य मार्ग से लगे भूमि स्वामियों के द्वारा बांध के जल क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण कर लिया गया है ,जिसके कारण भी बांध का जल क्षेत्र सिमट गया। कोड़या सागर बांध विस्तृत क्षेत्र में फैले होने के कारण गर्मी के दिनों में भी इस प्राचीन बांध का पानी कम नहीं होता, इससे कि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग निस्तारी के साथ-साथ पशुओं को पानी पीने को मिलता है। साथ ही कई लोगों के द्वारा इस बांध में मछली मारने का भी काम करते हैं। साथ ही कोड़या सागर बांध के उपरी हिस्से में हनुमान जी की बड़ी मूर्ति स्थापित की गई, जिसके बाद उक्त स्थनल पर मंदिर बनाने का कार्य भी शुरू किया गया। धार्मिक आस्था का केन्द्र होने के कारण विभिन्न अवसरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ यहां जुटती है।





कोड़या सागर बांध के आसपास हो रहा अतिक्रमण।

### अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षण की मांग

कोड़या सागर बांध के लगातार अतिक्रमण के कारण सिमटने को लेकर जागरूक लोगों ने इसके संरक्षण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण घनश्याम साहू का कहना है कि कोड़या सागर बांध प्राचीन बांध है, इस पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। प्रशासन को इस दिशा में ध्यान देकर बांध क्षेत्र के अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिए साथ ही प्राचीन धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में भी पहल करनी चाहिए।

### जन सहयोग से होती है साफ-सफाई

जानकारी के अनुसा कोड़या सागर बांध का समय-समय पर क्षेत्र के जागरूक लोगों के द्वारा जन सहयोग से साफ-सफाई भी की जाती है। बांध के किनारे हिस्से में बेशरम के पौधे सहित कई तरह के जलीय पौधे भर जाते हैं, जिसे ध्यान में रखकर आस-पास के लोगों के द्वारा आपसी सहमति से उक्त बांध की साफ-सफाई प्रतिवर्ष करते हैं। इस दिशा में प्रशासनिक पहल भी जलाशय के साफ-सफाई के लिए होनी चाहिए।

### छठ पूजा के लिए जुटते हैं श्रद्धालु

खरवत स्थित कोड़या सागर बांध का तो वैसे कई तरह से उपयोग हो रहा है ,लेकिन प्रतिवर्ष छठ पूजा के दौरान काफी संख्या में क्षेत्र के छठ व्रति कोड़या सागर बांध के घाट में पहुंच कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हैं, इसके कारण भी बांध के अस्तित्व को बचाने की दिशा में पहल की जरूरत है। इस बांध पर छिन्दडॉड़, खरवत, आमगांव, महुआपारा क्षेत्र के लोग छठ पूजा करने पहुंचते हैं।

### तैयार की जाएगी कार्ययोजना

यह खरवत जलाशय रियासतकालीन है, इसके संरक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। यदि हमें शासन स्तर से बजट आवंटित होता है तो जलाशय के लिए बेहतर कार्य कराए जाएंगे। फिलहाल हमारे पास इस जलाशय के लिए कोई आवंटन नहीं है।

-ए.टोप्पो, ईई
जल संसाधन कोरिया

# सोनहत में आधे घंटे जमकर हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में खंड वर्षा की स्थिति शुरूआती बारिश के सीजन के दौरान ही देखने को मिल रहा है। गुरूवार को जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र के कई ग्रामीण अंचल में जमकर बारिश हुई, वहीं कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में पूरी तरह से सूखा पड़ा रहा। यहां सिर्फ हल्की बूंदे ही दोपहर के समय गिरी।

- अब भी कई जगहों पर बनीं हुई है खंड वर्षा की स्थिति

जानकारी के अनुसार गुरूवार को जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र के कटगोड़ी, सुंदरपुर, लटमा, नौगई सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर के समय उमड़ते-घूमड़ते बादलों के बीच अचानक बारिश की शुरूआत हुई और करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश होती रही, इसके साथ ही बादलों की तेज गर्जना भी हो रही थी। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी हुई, लेकिन कहीं पर भी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सोनहत जनपद क्षेत्र के कई ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू हुई बारिश शिवघाट के नीचे बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम छरछा बस्ती, चेरवापारा तक बारिश का असर रहा, इसके बाद खरवत से लेकर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर तक पूरी तरह से सूखे की स्थिति रही। इसके एक दिन पूर्व जिला मुख्यालय में झमाझम बारिश हुई थी। वर्तमान में कई क्षेत्रों में बारिश समय-समय पर हो रही है जो कि खंड वर्षा होने की स्थिति बनाई हुई है। शहर बैकुंठपुर में अब तक सामान्य से बहुत कम बारिश दर्ज की गई है। जबकि जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बीच-बीच में झमाझम बारिश कई दिन हो चुकी है, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अपने खेतों में हल चलाने शुरू कर दी है।

### खेतों में बारिश का पानी

जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र में समय-समय पर बारिश हो रही है। गुरूवार को दोपहर के समय हुई बारिश के बाद कई जगहों पर खेतों में बारिश का पानी जमा दिखाई दिया, इससे साफ पता चलता है कि कई बार के बारिश के बाद अब बारिश का पानी वर्षा पश्चात खेतों में जमा होने लगा है, जबकि जिन क्षेत्रों में झमाझम बारिश कई दिन नहीं हुई है,उन क्षेत्रों के खेतों में बारिश होने के बाद भी पानी का जमाव खेतों में नहीं हो रहा है।

# 2 घरों में हुई चोरी के आरोपी सगे भाई पुलिस की गिरफ्त में

**बैकुंठपुर।** जिले के चरचा कॉलरी थाना क्षेत्र में बीते दिनों दो सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने-चांदी एवं नगदी रकम की चोरी करने की घटना समने आई। दोनों मामले में पीड़ित परिवार ने चरचा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, इस पर पुलिस ने दोनों चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपी सगे भाई है।

पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 454, 457, 380 व 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चरचा कॉलरी थानांतर्गत ग्राम खरवत निवासी प्रार्थिया हंस कुमार राजवाडे पति उमेश्वर राजवाडे ने 13 जून को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर में 12-13 जून की मध्य रात्रि में घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात के द्वारा सोना -चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम चोरी कर लिए। वहीं दूसरी घटना में सुभाष नगर चरचा निवासी प्रार्थी विक्की सिंह पिता देवधारी सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 जून को उसके घर के सभी सदस्य बैकुंठपुर गए हुए थे और घर पर ताला लगा था, जिसे अज्ञात चोरों के द्वारा घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश कर पेटी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम चोरी कर ली। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की और मुखबीर की सूचना पर संदेही उमेश उर्फ छोटू पिता अमरनाथ से पूछताछ में बताया कि गोदरीपारा निवासी सूरज उर्फ गोलू पिता अमरनाथ दोनों निवासी गोदरीपारा चिरमिरी के साथ दोनों जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम दिए।



गिरफ्तार आरोपी।



जब्त सामान।

### मांगों को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने किया धरना-प्रदर्शन

**डोमनहिल।** कर्मचारियों के वेतन भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बैनर तले नगर पालिका निगम चिरमिरी के सामने किए जा रहे धरना प्रदर्शन को अधिकारियों के समझाइस के बाद समाप्त किया गया। विदित हो कि कर्मचारियों के वेतन भुगतान, कोरिया गेल्हापानी में सिटी बस संचालक एवं साजा पहाड़, लामी घोड़ा सहित चिरमिरी के सभी वार्डो में शुद्ध पेयजल की अव्यवस्थाओं के कारण हो रहे नागरिकों की परेशानियों एवं मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर आज नगर निगम के सामने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के काफी संख्या में उपस्थित सदस्यों के द्वारा धरना प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन किया गया था। पदाधिकारी अपनी मांगों को लेकर आक्रोशित थे, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के समझाइस उपरांत धरना प्रदर्शन आयुक्त को ज्ञापन सौंपने के पश्चात किया गया। विरोध प्रदर्शन को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश महासचिव डीएल भास्कर,ब्लॉक अध्यक्ष शेख इस्माइल ने संबोधित कर नगर निगम के कई खामियों के बारे में उजागर करते हुए कहा कि नगर पालिका निगम के कर्मचारियों स्थाई तथा अस्थाई का वेतन लगभग पिछले चार माह से आज तक नहीं किया गया है, इस विषय पर पार्टी के द्वारा निगम को पत्र दिया गया था। उक्त विषय पर आज तक कोई भी वेतन भुगतान एवं सफाई और ना ही रोड पर बड़े-बड़े गड्ढ़ों की मरम्मत का कार्य किया गया है। अफसोस यह है कि इससे भी पूर्व पार्टी ने कई जन समस्याओं को लेकर निगम प्रशासन के साथ पत्र व्यवहार कर निगम का ध्यानाकर्षण किया गया, मगर उस पर भी आज तक कोई ठोस कार्य होता नहीं दिखा।

### बाल संरक्षण समिति ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन तथा छग शासन महिला एवं बाल विकास के निर्देशानुसार जिले में गठित जेल निरीक्षण समिति द्वारा जिला जेल बैकुंठपुर एवं उप जेल मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरूद्ध बंदियों से उम्र के संबंध में पूछताछ किया गया। जिला जेल बैकुंठपुर में कुल बंदी 160 से उम्र के संबंध में पूछताछ की गई तथा मनेन्द्रगढ़ में कुल 205 बंदी से पूछताछ किया गया।

### मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान

**बैकुंठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर क्षेत्र में मच्छरों के प्रकोप से लोग त्रस्त हैं, वहीं नगर पालिका प्रशासन अब तक ना ही फॉगिंग करवाया है और ना ही दवा का छिड़काव। मच्छरों के लार्वा को मारने के लिए नगर पालिका इसका छिड़काव शहरी क्षेत्र के 20 वार्डों में अभी शुरू नहीं किया गया है, लेकिन मच्छर के चलते विभिन्न बीमारियां फैलती हैं। कुछ साल पहले आसपास के नगर पालिका क्षेत्र में मच्छर के प्रकोप से महामारी फैली हुई थी ,इसमें कई प्रकार की बीमारी उत्पन्न हो गए थे, इसमें कई लोगों की जान जा चुकी है, मच्छर के काटने से मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू और जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी कई बीमारियों के वाहक हैं। इसमें मस्तिष्क ज्वर सहित कई बीमारियां हैं। मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव के लिए क्या सावधानियां बरती जा सकती हैं। जितना हो सके अपने हाथ और पैर ढककर रखें।

*बैकुंठपुर। नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर क्षेत्र में मच्छरों के प्रकोप से लोग त्रस्त हैं, वहीं नगर पालिका प्रशासन अब तक ना ही फॉगिंग करवाया है और ना ही दवा का छिड़काव। मच्छरों के लार्वा को मारने के लिए नगर पालिका इसका छिड़काव शहरी क्षेत्र के 20 वार्डों में अभी शुरू नहीं किया गया है, लेकिन मच्छर के चलते विभिन्न बीमारियां फैलती हैं। कुछ साल पहले आसपास के नगर पालिका क्षेत्र में मच्छर के प्रकोप से महामारी फैली हुई थी ।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202107020700022/अ-70/2020-21

**आम सूचना**

एतद् द्वारा मुनेश्वर आ. चैतू राम, बैजनाथ आ. मुनेश्वर, बीबी पत्नी मुनेश्वर, राजनाथ आ. मुनेश्वर, पंडरीपरहीन पति राजनाथ, जाति उरांव, निवासी ग्राम बकमेर, पुलिस चौकी मणीपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलबन्धू उर्फ दिलबोध आ. कोरवा, निवासी ग्राम खैरबार, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम बकमेर स्थित खसरा नंबर 43, 44. 84. 227/2, 236, 288, 289, 290, 291/2, 310, 388/2 रकबा क्रमशः 0.085, 0.065, 0.352, 0.163, 0202. 0.004, 0.020, 0.008, 0.020, 0.134, 0.228 हे. भूमि पर अनावेदकगण का अनाधिकृत कब्जा हटाते हुये आवेदक को कब्जा दिलाये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन के आधार पर इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202107020700022/अ-70/2020-21 दर्ज कर कब्जा दिलाये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। आवेदक पक्ष को आपका सही पता ज्ञात नहीं होने के कारण नोटिस तामिली नहीं हो पा रहा है। समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उक्त संबंध में आपको कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19/07/2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

TOP IN SURGUJA

































## खबर संक्षेप



### परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** संत गाहिरा गुरु विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणामों में हुई गड़बड़ी को लेकर प्रदेश के उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान उन्होंने बताया कि चांदनी बिहारपुर के सभी छात्रों को अंग्रेजी विषय में फेल कर दिया गया है। साथ ही प्रेमनगर और संभाग के अन्य छात्रों द्वारा भी इसी तरह की शिकायत की जा रही है। युवा कांग्रेस आरटीआई के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु जायसवाल ने कहा कि जिन छात्रों में परीक्षा के दौरान उत्तर पुस्तिका में सवालों के सही जवाब दिए है और उन्हें फेल कर दिया गया है तो उत्तर पुस्तिका जांचने वाले प्रोफ़ेसर के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए क्यों कि यह मामला छात्रों के भविष्य से जुड़ा है ओर उन्हें मानसिक दबाव भी झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कुलसचिव ने उन्हें जांच व गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय का हेल्पलाइन नंबर, डिग्री एवं मार्कशीट सुधार के लिए सरलीकरण, विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए उत्तम बैठक व्यवस्था को लेकर चर्चा की। इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, संगठन के ज्ञान तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक मद से कोचिंग सेंटर का भूमिपूजन, मिलेगी निःशुल्क सुविधा




**सीतापुर।** शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने की कोशिशों में लगे जुझारू विधायक रामकुमार टोप्पो ने नए भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। बीआरसी परिसर में बनने वाले इस भवन का निर्माण विधायक मद से स्वीकृत 20 लाख की लागत से किया जाएगा जहां अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ दिल्ली की तर्ज पर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए क्षेत्र के युवाओं को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। विदित हो कि क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा देने विधायक रामकुमार टोप्पो काफी सक्रिय है। विधायक ने नगर में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर संचालित करने का बीड़ा उठाया है। जिसके तहत विधायक ने एमएलए एजुकेशन कोर भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। बीआरसी परिसर में विधायक मद की राशि 20 लाख की लागत से इस भवन का निर्माण किया जायेगा। इस निःशुल्क कोचिंग सेंटर में क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। यह कोचिंग सेंटर उन बच्चों के लिए एक बड़ी सौगात है जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण बड़े शहरों में जाकर कोचिंग करने में असमर्थ है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा अनिल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष श्रवण दास, राजकुमार गुप्ता, नीरू मिस्त्री, स्नेहलता गुप्ता, संगीता कंसारी, सुनील गुप्ता, मनोज गुप्ता, निर्मल गुप्ता, संजय गुप्ता, रंजीत गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बतौली रज्जू राम, जितेश्वर पाठक, धर्मेंद्र अग्रवाल, नेमलाल गुप्ता, दिव्यप्रकाश मिस्त्री, किशन उपाध्याय, संकेत गुप्ता, विनोद गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### जिपं सभाकक्ष में हुआ नवीन न्याय संहिता पर सेमिनार

**सूरजपुर।** 1 जुलाई से नवीन न्याय संहिता लागू होने वाली है। इस संबंध में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में उपस्थित लोगों ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एडिशनल एसपी संतोष महतो, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, जिला अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार चतुर्वेदी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रदीप चंद्रकार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थिति थे। इस अवसर पर एडिशनल एसपी संतोष महतो ने बताया कि 1 जुलाई से नवीन न्याय संहिता के तहत इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023 स्थापित होगा, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित होगा। उन्होंने बताया कि ये तीनों कानून हमारे क्रिमिनल जस्टिक में बहुत बड़ा बदलाव लाएंगे।

## निधन

### गीता गुप्ता



**अम्बिकापुर।** शहर के प्रतापपुर रोड निवासी गीता गुप्ता पति रामनारायण गुप्ता का 68 वर्ष की आयु में शहर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। वे अपने पीछे पुत्र विजय गुप्ता, आनन्द गुप्ता, पुत्री रूपा गुप्ता, नाती-पोता सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं। आज स्थानिय शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पति रामनारायण गुप्ता ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### बरसात शुरू होते ही खेती के कार्यों में जुटे किसान

# सहकारी समितियों में खाद की किल्लत, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

**खास बात**

- हर रोज लगाते है समितियों के चक्कर

सहकारी समितियों में खाद नहीं मिलने से किसानों की परेशानी बड़ गई है। आलम यह है कि हर रोज किसान लंबी दूरी तय कर समिति में खाद लेने पहुंचते है परंतु उनके हाथ निराशा ही लगती है। ऐसे में अब किसान रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं होने से धान की फसल समय पर रोपाई नहीं होने को लेकर चिंतित है। ऐसा नहीं है कि किसानों की समस्याओं से समिति प्रबंधन अवगत नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं करने से किसानों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

प्रदेश में मानसून के दस्तक देने के साथ ही किसान खेती किसानी के कार्य में जुट गए है। किसान समय पर धान की फसल के लिए खेत तैयार करने के साथ ही खाद, बीज जुटाने लगे है। धान बीज के लिए किसानों को ज्यादा परेशानी नहीं होती परंतु अभी से समितियों में खाद की किल्लत शुरू हो गई है जबकि अच्छी फसल हो इसके लिए पर्याप्त खाद की उपलब्धता जरूरी है। उदयपुर विकास खंड अंतर्गत ग्राम सलका, खम्हरिया, डाँड़गांव केदमा समिति के किसानों आज तक सहकारी समितियों से खाद उपलब्ध नहीं हो सकी। ऐसे में क्षेत्र के किसान हर रोज समिति खाद मिलने की आस में आते है परंतु उनके हाथ निराशा ही लगती हैं। समिति के कर्मचारियों द्वारा हर रोज कोई न कोई बहाना बना कर किसानों को वापस भेज देते है जिससे किसान खाद नहीं मिलने से परेशान हैं। किसानों को कहना है कि वर्तमान समय धान थरहा से लेकर दलहन तिलहन खेती करने का अमूल्य समय है। ऐसे में समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती पिछड़ सकती हैं। हाल ही में हुई बारिश धान बीज से रोपाई तैयार करने के लिए उपयुक्त है। धान थरहा के लिए रासायनिक खाद की आवश्यकता होती है और समय पर रासायनिक खाद कर छिड़काव नहीं किया गया तो इसका असर धान फसल पर पड़ सकती है। समिति के कर्मचारियों को कई बार अपनी समस्या से अवगत करा चुके है बावजूद इसके रासायनिक खाद उपलब्ध कराने किसी प्रकार पहल नहीं की गई जिससे हर रोज किसान समिति के चक्कर लगाने तथा खाद के इंतजार में समिति के सामने बैठकर इंतजार करने को मजबूर है।



समिति प्रबंधक से चर्चा करते भाजपा प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य।

#### भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने किया समिति का निरीक्षण

ग्रामीणों की शिकायत पर भाजपा प्रतिनिधि मंडल की टीम ने मंगल अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह के नेतृत्व में उदयपुर ब्लाक के सभी सहकारी समितियों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें, उदयपुर, सलका, खम्हरिया, डाँड़गांव केदमा समिति के किसानों एवं समिति प्रबंधक से चर्चा कर खाद बीज के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण में टीम ने पाया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सलका ,खम्हरिया में किसानों को डीएपी, यूरिया, पोटास, राखड़ खाद नहीं मिल रही है।

#### तत्काल खाद उपलब्ध कराएं

भाजपा मंडल प्रतिनिधि मंडल ने समितियों में खाद नहीं मिलने की जानकारी विधायक राजेश अग्रवाल को दी। श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को दो दिन के भीतर समितियों में खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिति में खाद बीज की कमी नहीं होनी चाहिए इसकी जवाबदारी विभाग होगी। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए अधिकारी ध्यान रखे।

#### उपलब्ध कराई जा रही खाद-बीज

लगाकर रैंक लगा रहा है। तत्काल खाद बीज की व्यवस्था कराया जा रहा है। समिति में खाद की कमी नहीं होगी।

-अरुण विश्कर्मा
डीएमओ अम्बिकापुर

## निजी दुकानों से महंगी कीमत पर खरीद रहे खाद

**सीतापुर।** बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही खेती बाड़ी का कार्य शुरू हो गया है। किसान खेतों में जुताई के साथ बोवाई कर रहे है। खेतों में बोवाई के बाद किसानों को खाद की जरूरत पड़ती है लेकिन आवक नही होने से सहकारी समिति में खाद की किल्लत हो गई है। किल्लत के कारण किसानों को खाद नही मिल पा रहा है। खाद के अभाव में किसानों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

मामला आदिम जाति सेवा सहकारी समिति राजापुर का है। खाद की आपूर्ति के अभाव में यहां खाद की किल्लत हो गई है जिसकी वजह से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समिति में खाद के अभाव में किसान मायूस होकर खाली हाथ लौटने को मजबूर है। समिति द्वारा संबंधित विभाग को जानकारी देने के बाद भी खाद उपलब्ध नहीं हो पाया। खाद के लिए किसान समिति के चक्कर लगा लगाकर थक चुके हैं। जिसकी वजह से किसान मजबूर होकर दुकानों का रुख कर रहे है जहां महंगे दामों में खाद खरीद कर अपनी जरूरतें पूरी कर रहे है। इस संबंध में चैनपुर निवासी पेशा अध्यक्ष जयमन एक्का ने कहा कि समितियों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने सम्बंधित अधिकारी गंभीर नहीं है। जिसकी वजह से समितियों में खाद की किल्लत बनी हुई है। समय रहते समितियों में खाद की आपूर्ति हो जाती तो ऐसी स्थिति निर्मित नही होती। पेशा अध्यक्ष ने प्राथमिकता के साथ समिति में खाद की आपूर्ति किये जाने की मांग की है।ताकि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े।

#### आपूर्ति में विलंब इसलिए निर्मित हुई खाद की किल्लत

गोदाम में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण समितियों में खाद की कमी बनी हुई है। इसके पीछे खाद की आपूर्ति में विलंब को बड़ी वजह बताया जा रहा है। समयानुसार अगर गोदाम में खाद का भंडारण हो जाता तो ये स्थिति निर्मित नही होती। यही वजह है कि मांगपत्र सौंपे जाने के बाद भी समय पर समितियो में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसका खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जिससे किसानों में काफी असंतोष व्याप्त है।

#### भेजा गया है मांग पत्र

समिति में खाद की आपूर्ति हेतु मांगपत्र सौंपा गया है। इसी आधार पर यूरिया की एक खेप समिति में उपलब्ध कराई गई है। जिसे किसानों के बीच वितरण किया जा रहा है।

-अशोक सिदार
समिति प्रबंधक

## भाजपा कार्यालय में हुई कोर ग्रुप की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में सरगुजा के तीनों विधायकों की उपस्थिति में कोर ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी, उपेंद्र यादव एवं अनूप सिन्हा उपस्थित थे।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे लिए गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनी है। भाजपा ने 5 जून को एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया था जिसके तहत गांव-गांव में पौधरोपण करने की योजना है। कृष्ण कुमार राय ने कहा कि आगे पंचायत और नगरीय चुनाव होने हैं हमें सक्रियता के साथ जनता के बीच पहुंचने के जरूरत है। विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि निगम और पंचायत चुनाव के मद्देनजर परिसीमन का कार्य चल रहा है, परिसीमन एक महत्वपूर्ण बिंदु है, इसके अनुसार चुनाव की रणनीति तय होती है और इन बातों को ध्यान में रखते हुए तीनों विधानसभा क्षेत्र में बूथवार हमें कार्य करना है। बैठक में फुलेवरी सिंह, मधु चौदाहा, मंजूषा भगत, विनोद हर्ष, डीके पुरिया, विकास पाण्डेय, मधुसूदन शुक्ला, अभिषेक शर्मा, रूप दुबे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### किशोर चित्रकार हर्ष साहू ने भेंट की हस्तनिर्मित पेंटिंग

**रामानुजनगर।** ग्राम रामानुजनगर निवासी हर्ष साहू ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी को हस्त निर्मित चित्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने किशोर हर्ष साहू के प्रतिभा को तराशने व सदैव निखार लाने हेतु शासन से सहयोग का पूरा भरोसा व आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिभा हमारे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। अरुण साव व ओ पी चौधरी ने भी हर्ष साहू की सूक्ष्म चित्रांकन, सहजता व प्रकृतिप्रदत्त प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम में किशोर चित्रकार की माता श्रीमती बिजमावती साहू व पिता रामविलास साहू भी उपस्थित रहे।



## बाल विवाह रोकथाम एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश कुमार साहू की उपस्थिति में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बाल विवाह रोकथाम एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर द्वारा गठित संयुक्त टीम द्वारा निरंतर बाल विवाह रोके जा रहे है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने 3 वर्ष में बाल विवाह मुक्त करने हेतु विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में वर्तमान अवधि तक कुल 64 बाल विवाह रोके गए है तथा 4 बाल विवाह होने पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। बाल विवाह न हो इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में विवाह पंजीयन कराया जाना सुनिश्चित करना होगा। यूनिसेफ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रत्येक आबा कार्यकर्ता सरपंच एवं सचिव को पंचायत स्तर पर जागरूक करना और किसी भी स्थिति में बाल विवाह को रोकना एवं उससे पहले गांवों में बाल विवाह न हो इसे सुनिश्चित करना है। अभी स्कूल खुल रहा है सभी गांव में सभी आबा कार्यकर्ता स्कुल त्यागी बालिकाओं को स्कूल में नाम लिखवाने हेतु प्रेरित करेंगे। साथ ही जो बालिकाएं स्कूल नहीं जा पा रही हैं उसका सर्वे करना है। साथ ही उन्हें लावलीहुड कॉलेज से सिलाई,कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, कम्प्युटर कोर्स कराकर रोजगार से जोड़ना है। जुलाई माह से सभी ऐसे स्थान जहां ज्यादा बाल विवाह की सूचना मिल रही है वहां जागरूकता कार्यक्रम और बाद में पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सभी रोके गए बाल विवाह का फिर से फॉलोअप किया जाएगा जहां भी बाल विवाह संपन्न हुए होंगे सभी में अपराध पंजीबद्ध करने की प्रक्रिया की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू ने सभी पर्यवेक्षको को बाल विवाह रोकथाम हेतु गंभीरता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मिशन शक्ति के लिए सौ दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान 21 जून से 4 अक्टूबर तक बेटी बचाओ पढाओ संबंधित कार्यशाला आयोजन किया जाएगा।

## बांध की डूबान भूमि पर कराया जा रहा पीडीएस भवन निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



बांध के डूबान की भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा भवन निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवक कांग्रेस के भटगांव जिलाध्यक्ष ने मामले की लिखित शिकायत सूरजपुर कलेक्टर व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से करते हुए उक्त अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा जिलाध्यक्ष विक्की समद्दार ने उल्लेख किया है कि सूरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत संजयनगर में स्थित तालाब बांध के किनारे पंचायत द्वारा पीडीएस भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जो कि बांध एवं डूबान क्षेत्र में है और बरसात के समय पूरा तालाब बांध पानी से भरकर रोड के समीप आ जाता है।

यहां बेवजह भवन का निर्माण कराए जाने से बारिश का पानी भर जाने से शासन की मंशानुरूप आमजन को उक्त सुविधा का कोई लाभ नहीं मिल सकेगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत द्वारा गहरीकरण कराने के बजाए तालाब एवं बांध में मिट्टी भरवाकर भवन निर्माण किया जा रहा है एवं ग्राम पंचायत संजयनगर द्वारा बांध से जेसीबी के माध्यम से मुरूम खुदाई कराकर अवैध रूप से ट्रैक्टर के माध्यम से अम्बिकापुर समेत स्थानीय स्तर पर मुरूम का विक्रय किया जा रहा है। बताया गया कि पूर्व में 19 जून को भी उक्त संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है,जिससे स्थानीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** दो वर्ष पूर्व कोरिया जिले के बचरा पोड़ी से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कसलगिरी निवासी 25 वर्षीय मेर सिंह राजवाड़े पिता अनिल राजवाड़े दो वर्ष पूर्व कोरिया जिले के बचरा पोड़ी से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीबी 1319 की चोरी किया था। आरोपी मेर सिंह राजवाड़े बीती रात बिश्रामपुर बस स्टैंड के पास संदिग्ध अवस्था में दिखने पर जब पुलिस ने रुकवाकर पूछताछ किया, तब आरोपी ने स्वीकार किया कि उक्त बाइक को दो वर्ष पूर्व चोरी किया था। मामले में पुलिस ने आरोपी मेर सिंह राजवाड़े के खिलाफ धारा 41(1-4) के तहत कार्यवाही करते हुए गुरुवार को ही उसे सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।



अस्पताल का निरीक्षण करते विधायक।

## जीवन दीप समिति की बैठक में 15 बिंदुओं पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवन दीप समिति की सामान्य सभा का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक राजेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, सौरभ अग्रवाल, एसडीएम बनसिंह नेताम, जनपद सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता, बीएमओ एआर जयंत की उपस्थिति में किया गया। साथ ही 15 बिंदुओं मे चर्चा की गई।

बैठक से पूर्व राजेश अग्रवाल ने सीएससी के सभी वार्डो का निरीक्षण कर मरीजों का हाल-चाल जाना। साथ ही कमियों को लेकर डॉक्टर को सुधार लाने निर्देशित किया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने के लिए मुख्य रूप से 15 बिंदुओं में चर्चा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अस्पताल में उदयपुर ब्लॉक के अलावा प्रेमनगर, सूरजपुर, कोरबा सहित आसपास के ग्रामीण बीमार होने पर उपचार के लिए सीएचसी उदयपुर आते हैं लेकिन अनुभवी डॉक्टर नहीं होने के कारण तात्कालिक उपचार के बाद अधिकांश मरीजों को अंबिकापुर रेफर किया जाता है। अस्पताल में समुचित इलाज हो सके इसके लिए सीएचसी में पीजी व एमबीबीएस डॉक्टर की भर्ती, नए एंबुलेंस की मांग, अस्पताल में पर्याप्त दवा की उपलब्ता रखना, एक्स-रे दर की राशि को यथावत रखने, अस्पताल में शौचालय की साफ सफाई करने कर्मचारी रखने, आरएसबीवाई की प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुई है जिसकी मांग, एक्स-रे करने वाले को 4 हजार प्रतिमाह देने की सहमति, ऑक्सीजन प्लांट से पाइप ओटी व वार्ड में नियमानुसार सप्लाई सुनिश्चित करना, हड्डी के संबंधित सभी उपकरण उपलब्ध कराना, मानव संसाधन का मांग पत्र सहित अन्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई।

विधायक राजेश अग्रवाल की पहल से अदानी फाउंडेशन द्वारा साल्ही में स्थानीय स्कूली बच्चों को बैग वितरण कर लखनपुर और उदयपुर के लिए एक-एक ई रिक्शा का वितरण किया गया।

### ऑडिटोरियम में हुआ जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

# विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए शिक्षा जरूरी : लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर किया गया। इस अवसर पर जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट प्रदान करने की बात कही।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विद्यार्थी, पालक व शिक्षकों को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने शिक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए शिक्षा सबसे अहम है। यदि स्कूली शिक्षक लक्ष्य का निर्धारण करते हुए और



संकल्प लेते हुए बच्चों को मन से पढ़ायेंगे तो निश्चित बच्चे जिले के नाम को गौरवांवित करेंगे। पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान को भी अपने में आत्मसात करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्या एक ऐसी चीज है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता। सरगुजा संभागायुक्त गोविंद राम चुरेंद्र ने कहा कि स्कूलों में बच्चों की नियमित उपस्थिति हो, इसके लिए प्रत्येक 1 से 2 माह में शिक्षक पालक बैठक रखने की बात कही। उन्होंने जिले वासियों से शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए सक्षम लोग आगे आने और सहयोग करने की बात कही। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में विद्या अर्जन करना ही प्रत्येक विद्यार्थी का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन का प्रथम लक्ष्य शासकीय विद्यालय के स्तर में सकारात्मक बदलाव लाना और उसे उत्कृष्ट बनाना है। जिले के सभी शिक्षक सक्षम हैं और आने वाले समय में सार्थक प्रयासों और नवाचार के माध्यम से निःसंदेह, शिक्षा के क्षेत्र में जिले का परिणाम व प्रदर्शन उत्कृष्ट होगा। कार्यक्रम की अंत में दिव्यांग बच्चों को सामग्री वितरण किया गया।

#### बच्चों को तिलक लगाकर कराया गया शाला प्रवेश

**बतौली/ सेदम।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम बतौली में 26 जून से नए शिक्षा सत्र का आरंभ हुआ। इस अवसर पर बच्चो को तिलक लगाकर, टॉफी देकर स्वागत किया गया। नए शिक्षा सत्र के पहले दिन बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। प्राचार्य राजेश गुप्ता ने एवं स्टाफ ने बच्चों का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### स्वर्गीय रामजी दुबे स्मृति इंडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता में सात टीमों ने लिया भाग

**कुसमी।** तहसीलदार शशिकांत दुबे द्वारा पिता की स्मृति में स्व. राम दुबे स्मृति इंडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 जून को किया गया। प्रतियोगिता में कुल सात टीमों ने भाग लिया है। प्रतियोगित के विजेता को 25 हजार, उपविजेता को 15 हजार तथा तृतीय पुरस्कार 11हजार रखा गया है। कुसमी बैडमिंटन क्लब के खिलाड़ी आनंद जायसवाल ने बताया कि कुसमी में बैडमिंटन खेल के लिए काफी संघर्ष किया गया है। पहले खेल आउटडोर तहसील प्रांगण उसके बाद वन विभाग, कॉलेज, मंडी के भवनों में फर्श में खेला जाता है। आज वुडेन ग्राउंड में इंडोर के रूप में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास स्थापित हो हुआ हैं। प्रतियोगिता में पहला मुकाबला पीवी सिंधु एवं साइना नेहवाल के मध्य खेला गया। इस दौरान एसडीएम करुण डहरिया, तहसीलदार शशिकांत दुबे, थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुसमी रामपथ यादव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र परमार , हिंडालको के जीआर प्रधान, राजेन्द्र घोष,अरविंद सिन्हा, श्रवण दुबे, आनंद जायसवाल, सुनील सिन्हा, अश्विन खेस, उमेश गुप्ता, दीपक सिन्हा, विकास गुप्ता, मनीष सिन्हा, नवनीत, प्रकाश, साकिब, जफर, अभिषेक सहित अन्य उपस्थित रहे।

### वर्षा ऋतु के आगमन पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी



**अम्बिकापुर।** वर्षा ऋतु के आगमन पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में गीता मर्मज्ञ पं.रामनारायण शर्मा, व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय, कवयित्री आशा पाण्डेय, पं.चन्द्रभूषण मिश्र और अरविंद मिश्र के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी की। गोष्ठी माधुरी जायसवाल की सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ हुई। इस दौरान पं.रामनारायण शर्मा ने कहा कि वर्षा ऋतु के आगमन से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। किसान हल लेकर धान की बोआई कर रहे है। प्रकृति भी हरी चादर ओढ़कर सृजन का कार्य कर रही है। सच्चिदानंद पाण्डेय ने कहा कि बारिश का मौसम वैसे तो बहुत सुहावना होता है परन्तु हम इस मौसम में मच्छरों के कारण होने वाली मलेरिया, डेंगू- जैसी बीमारियों और दूषित जलजनित डायरिया, आत्रशोध जैसे रोगों से बचने हेतु अभी से सजग हो जाएं। काव्यगोष्ठी में माधुरी जायसवाल, अर्चना पाठक, मंशा शुक्ला, आशा पाण्डेय, मुकुंदलाल साहू, श्यामबिहारी पाण्डेय, अम्बरीष कश्यप, राजेश पाण्डेय, अंचल सिन्हा, मुनव्वर अशरफी, चन्द्रभूषण मिश्र, अजय श्रीवास्तव, प्रकाश कश्यप ने अपनी उत्कृष्ठ कविताए सुनाई। गोष्ठी का संचालन आशा पाण्डेय व आभार प्रदर्शन मंशा शुक्ला ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, मदलसा, यशराज गुप्ता, रीमा अगरिया, आरएस कंवर उपस्थित थे।

### टाटा मैजिक के चालक ने बाइक सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** बाइक से अंबिकापुर जा रहे सेवानिवृत्त कालरी कर्मी को टाटा मैजिक वाहन चालक ने विपरीत दिशा से टक्कर मार दी है। दुर्घटना में बाइक सवार को गंभीर चोट आई है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत



शिवनंदनपुर निवासी सेवानिवृत्त कालरी कर्मी 64 वर्षीय गोपाल राम गुप्ता पिता रामकृष्ण गुरुवार को अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 29 एसी 6430 में अंबिकापुर जा रहा था। तभी जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर नेक्सा शोरूम के समीप अंबिकापुर की ओर से टायर लोडकर बिश्रामपुर की ओर आ रहे टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 15 ईडी 7869 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विपरीत दिशा से बाइक सवार वृद्ध को जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार वृद्ध का एक हाथ व पैर फ्रेक्चर हो गया है, जिसे जयनगर पुलिस द्वारा तत्काल अस्पताल भिजवाकर भर्ती कराया गया है।

## अकेले दंतैल पहुंचा रहे अधिक क्षति

# दो महीने में हाथियों ने ली सात लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हाथियों की संख्या में कमी आने के बावजूद जनहानि की घटनाएं नहीं रूक रही हैं। आपसी संघर्ष में पिछले दो महीनों के भीतर हाथियों ने सात लोगों की जान ली है वहीं 2 करोड़ से अधिक की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों की संख्या में कमी आने के बावजूद विभाग जनहानि एवं संपत्ति हानि को रोकने में सफल नहीं हो पा रहा है।

**खास बात**

- 70 हाथियों ने तमोर पिंगला अभ्यारण्य को बनाया अपना रहवास

वर्तमान में सरगुजा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में 110 हाथी मौजूद हैं। विभाग द्वारा तमोर पिंगला अभ्यारण्य में हाथियों के अनुकूल चारा विकसित करने के कारण अब हाथियों के बड़े दल अभ्यारण्य में ही अधिक समय गुजार रहे हैं। तमोर पिंगला अभ्यारण्य हाथियों के स्थाई रहवास क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहा है। अधिकांश समय अभ्यारण्य में गुजारने के कारण जनहानि एवं संपत्ति हानि में कमी भी आई है लेकिन इसे पूरी तरह रोकने में सफलता नहीं मिल रही है। चालू वित्त वर्ष में हाथी सात लोगों की जान ले चुके हैं। तमोर पिंगला अभ्यारण्य में लम्बे समय से 70 हाथियों के अलग-अलग दल विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। अभ्यारण्य क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक गांव भी है। यदाकदा हाथी जंगल के बीच ग्रामीणों की फसल से अपनी भूख मिटाते हैं लेकिन आपसी संघर्ष की स्थिति निर्मित नहीं होती। इधर अलग-अलग क्षेत्रों में मौजूद अकेले हाथी लगातार जनहानि करने के साथ ही फसल व घरों को नुकसान पहुंचा रहे है। अकेले हाथी विभाग के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रहे हैं।



फाइल फोटो

**नहीं मिलती मौजूदगी की जानकारी**

वन अधिकारियों का कहना है दल से अलग होने के बाद हाथी अधिक आक्रामक हो जाते हैं तथा रातों रात लम्बा सफर तय कर दूसरे जंगल में पहुंच जाते हैं। ऐसे स्थिति में हाथी के मौजूदगी की जानकारी न तो वन अमले को मिल पाती है न ही ग्रामीणों को हाथी अचानक आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जाते हैं तथा मामूली सी असावधानी होने पर ग्रामीणों पर हमला बोल देते हैं। अप्रैल से मई के मध्य हाथियों ने 7 लोगों को मारा है। हाथी-मानव संघर्ष में दो महीने के भीतर सूरजपुर में 3, जशपुर में 3 एवं बलरामपुर में एक ग्रामीण की मौत हुई है। जनहानि के मामलों में विभाग ने पीड़ित परिवारों को 60 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की है। हाथियों के हमले के मामले में विभाग 1.15 लाख का मुआवजा दिया है। दो महीने में हाथियों ने 1472 पशुओं को हानि पहुंचाई है तथा 476 हेक्टेयर से अधिक की फसल को नष्ट किया है। पशु हानि को लेकर विभाग ने 33 हजार रूपए एवं फसल क्षति का 10 करोड़ से अधिक का भुगतान किया है।

**बदल रहा स्वभाव**

तमोर पिंगला अभ्यारण्य में विभाग ने हाथियों के पसंद की घास विकसित की है इस बार जंगल में हाथियों के पसंद के पेड़ लगाने की तैयारी की जा रही है। अभ्यारण्य में हाथियों के पसंद का चारागाह विकसित होने के कारण पिछले तीन सालों से हाथी अपना अधिकांश समय अभ्यारण्य में गुजार रहे हैं। प्राकृतिक जंगल में रहने के कारण हाथियों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं नहीं हो रही है जिससे उनका स्वभाव भी बदल रहा है। हाथियों का रास्ता रोकने अथवा छेड़छाड़ करने से हाथी उग्र हो जाते हैं तथा तोड़फोड़ मचाते हैं।

**सजग रहना जरूरी**

जन हानि रोकने के लिए लोगों का जागरूक एवं सजग रहना आवश्यक है। विभाग लगातार प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चला रहा है। लोनर हाथी हमेशा अपनी जगह बदलते रहते हैं जिसके कारण दुर्घटनाएं होती है।

-केआर बढ़ई
सीएफ, वाइल्ड लाइफ

## सागौन प्लांटेशन में पौधों की अवैध कटाई, वन विभाग के उड़े होश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत ग्राम पंचायत रेवटी रामपुर के जंगल में सागौन सहित इमारती लकड़ी के प्लांटेशन में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। आलम यह है कि पेड़ अब ठूंठ में तब्दील होने लगे है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग से मिलीभगत कर पेड़ को काट लकड़ी की तस्करी की जा रही है। करीब 7 से 8 वर्ष पूर्व हुए इस प्लांटेशन का पौधा का अवैध कटाई का मामला सामने आने के बाद अब वन विभाग के होश उड़ गए हैं।

वन विभाग द्वारा किए गए इस प्लांटेशन में हजारों पौधे लगाए गए हैं वहीं पेड़ों की अवैध कटाई होने पर अब प्लांटेशन का अस्तित्व खतरे में है। लकड़ी तस्करों की नजर हर 10 फीट के पेड़ पर है जो अधिकांश कटाई होने से ठूंठ में तब्दील देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि रात समय कटाई की जाती है। वन विभाग की लापरवाही और उदासीनता के कारण जंगल का अवैध कटाई जोरों पर से है। वही वन परिक्षेत्र अंतर्गत जंगल कई अलग अलग जगहों पर कटाई कर पेड़ के ठूंठ में तब्दील हो गया है।



ग्रामीणों ने बताया कि प्लांटेशन वाले स्थान को वन विभाग निगरानी नहीं करने के वजह से कीमती पेड़ों का काट कर लकड़ी की तस्करी उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के रास्ते की जाती है। लगातार वनों की कटाई का मामला सामने आने के बाद भी शासन प्रशासन व वन विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है। ऐसा ही रहा तो आने वाला समय में प्लांटेशन ठूंठ में तब्दील हो जाएगा और जंगली जानवर विलुप्त हो जाएंगे।

इस संबंध में वन विभाग एसडीओ आशुतोष भगत ने बताया कि तत्काल रेंजर को तलब कर जांच कर कार्रवाई की अनुशंसा सूरजपुर डीएफओ के समक्ष की जाएगी। मौके पर जांच दल तत्काल भेजा जाएगा।

### लोन देने के बहाने ग्रामीण से ऑनलाइन ठग लिए 1 लाख 19 हजार रुपए

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम कुरडेग खन्ताडांड निवासी गोकुल चंद पैकरा आ. पारसनाथ पैकरा पिछले छह माह से शहर के सुभाष नगर स्थित कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर एक ऑटो पार्ट्स दुकान में काम करता है। पिछले वर्ष रुपए की आवश्यकता होने पर फेसबुक में एक वीडियो देख कर लोन के लिए आवेदन दिया। इस बीच 6 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर अपना नाम मन्नू प्रताप सिंह व निजी फाइनेंस कंपनी का मैनेजर बताया। साथ ही ग्रामीण को लोन की प्रक्रिया के लिए 1 हजार 750 रूपए ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कही। गोकुल ने ऑनलाइन पेमेंट कर दिया। दो दिन बाद पुनः अज्ञात व्यक्त ने फोन कर बताया कि लोन की प्रक्रिया पूरी हो गई है और 2-2 हजार रुपए पेमेंट करने करने के बजाए कुल 53 हजार रुपए जमा करा लिया। 8 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बताया कि लोन की राशि अधिक होने तथा जीएसटी करने की बात कहकर 49 हजार रुपए जमा करने की बात कही। इधर बार बार पैसा मांगने तथा लोन नहीं देने पर गोकुल को ठगी करने का एहसास हुआ तो रुपए देना बंद कर दिया। गोकुल ने धोखाधड़ी कर 1 लाख 19 हजार रुपए ठग लेने पर घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### विधायक धर्मजीत सिंह से मिला रेल संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल



**अम्बिकापुर।** रेल संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ को उत्तरप्रदेश से रेल मार्ग के माध्यम से जोड़ने वाले अम्बिकापुर-रेणुकूट प्रस्तावित रेल मार्ग निर्माण में उनका सहयोग मांगा। जनहित से जुड़े इस विषय पर गतिशील मंच बनाकर रेल संघर्ष समिति द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए उन्होंने हर संभव सहयोग की प्रतिबद्धता जताई। वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह अपने प्रवास के क्रम में अम्बिकापुर आए थे। अम्बिकापुर आगमन के दौरान भाजपा नेता कैलाश मिश्रा के नेतृत्व में रेल संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मुलाकात कर अम्बिकापुर रेणुकूट रेल लाइन निर्माण के लिए किए गए प्रयास व आंदोलन की जानकारी दी एवं रेल मार्ग को उत्तर छत्तीसगढ़ के लिए बृहत्तर रेल नेटवर्क से जोड़ने का सशक्त व कारगर माध्यम बताया। वरिष्ठ भाजपा नेता और विधायक श्री सिंह ने जन भावना अनुरूप विधानसभा के सत्र में अशासकीय संकल्प के माध्यम से इसके महत्व को रेखांकित करते हुए इस अभियान की सफलता के लिए अपनी मजबूत भागीदारी का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी, रेल संघर्ष समिति के चंद्रशेखर तिवारी, जितेंद्र सिंह, वेदांत तिवारी, राकेश सिंह, पीयूष त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### गृहमंत्री से मिले सर्राफा संघ के प्रतिनिधि



सर्राफा संघ का प्रतिनिधि मंडल गृहमंत्री विजय शर्मा एवं पुलिस महानिरीक्षक से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा एवं सरगुजा व सूरजपुर की जेवर दुकानों में लगभग 6 चोरी, ठगी की घटनाएं घट चुकी है। अभी तक अपराधी नहीं पकड़े गए हैं। दुकानदार डरे हुए हैं। व्यवसाइयों ने गृहमंत्री एवं पुलिस महानिरीक्षक से मिलकर अपराधियों को जल्द पकड़कर सामान बरामद करने की मांग की है। गृहमंत्री एवं पुलिस महानिरीक्षक ने जल्द आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। इस दौरान सर्राफा संघ के परशुराम सोनी, सुरेश सोनी, कृष्णा सोनी, रविंद्र सोनी, रंजीत सोनी, राजेश सोनी, कुंज बिहारी गुप्ता, विकास सोनी, मुकेश सोनी, रघु सोनी उपस्थित थे।



## साफ-सफाई के अभाव में कचरा से पट गई नाली, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

नाली के नियमित साफ सफाई नहीं होने से अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। आलम यह है कि बारिश का पानी नाली जाम होने से सड़क पर बह रहा है जिससे मार्ग से गुजर रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

रामानुजनगर निवासी कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव व उर्दू अकादमी बोर्ड के सदस्य इस्माइल खान ने ब्लॉक में पदस्थ अधिकारियों के आरोप लगाया है कि अधिकारियों के उदासीनता व लापरवाही के कारण ब्लॉक मुख्यालय की सड़क व नाली का बूरा हाल है। नाली पूरी तरह कचरा, मिट्टी से पट गया है। नाली के जाम होने से अब बारिश के पानी के लिए निकासी नहीं होने पर सड़क पर बह रहा है। बरसात को ध्यान में रख एक सप्ताह पूर्व नाली का सफाई कार्य मजदूरों द्वारा किया गया था परंतु आधा अधूरा सफाई कर छोड़ दिया गया है। श्री खान ने कहा कि रामानुजनगर ब्लॉक में दो दो विधायक का गृह निवास है जबकि प्रेमनगर विधानसभा के वर्तमान विधायक भूलन सिंह मरावी का भी इसी ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पटना में गृह निवास है। इसके बावजूद रामानुजनगर मुख्यालय विकास के लिए तरह रहा है। आज सड़क व नाली का स्थिति बेहद खराब है। नाली का समय साफ सफाई नहीं होने से नाली कचरा व मिट्टी से पट गया है।

जिससे नाली का गंदा पानी हाई स्कूल के समीप सड़क पर बह रहा है। सड़क पर कई जगह 1 फीट पानी का जमाव हो जाता है जिससे आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**दस लाख क़ीमत के गहने व दो लाख ले गए अज्ञात बदमाश**

# नगर पंचायत सीएमओ के कॉलोनी स्थित सूने आवास में चोरों का धावा, नकद समेत लाखों का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार बाजार जिला अंतर्गत पलारी नगर पंचायत में पदस्थ सीएमओ जितेंद्र बहादुर पटेल के बिश्रामपुर चोपड़ा कॉलोनी स्थित क्वार्टर नंबर 871 में बुधवार की देर रात सामने के दरवाजा का ताला तोड़कर घुसे अज्ञात चोरों ने घर के अलमारी में रखे दस लाख रुपये से अधिक सोने चांदी के आभूषण व दो लाख रुपये नगद रक़म को चोरी कर भाग निकले।घटना की सूचना पर गुरुवार को दूसरे दिन बिश्रामपुर पुलिस ने डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंच जांच में जुटी है।

- गुरुवार की सुबह पुलिस व डॉग स्क्वॉड टीम मौक़े पर जांच के लिए पहुंची

बताया गया कि पलारी नगर पंचायत के सीएमओ अपनी पत्नी व बेटे को लेकर पलारी में रह रहे थे बिश्रामपुर स्थित उनके आवास में जहां चोरी की वारदात हुई उसी आवास के बाजू उनके एस ई सी एल कम्पनी में माइनिंग सरदार पद पर भाई सुरेंद्र पटेल का आवास है जहां उनके माता पिता भी साथ रहते हैं। यहाँ पर दोनो घरों में परिवार वालों का आना जाना बना रहता है ।रोजाना की तरह घर में ताला बंद कर उनके मां पिता उनके छोटे पुत्र के यहां सोने के लिए चले गए, इसी बीच अज्ञात चोरों ने सामने के दरवाजे का ताला तोड़ भीतर प्रवेश कर अलमीरा का लॉक तोड़ उसमे रखा सोने चांदी का गहना एक नग सोने का हार,एक नग सोने का माँग टीका,एक जोड़ी सोने का कंगन,कान का झुमका, लेडीज रिंग ,जेंट्स रिंग ,पाँच नग सोने की चैन,दस ग्राम सोने का बिस्कुट, एवं नगद रकम दो लाख रुपए को चोरों ने पार कर दिया।चुराए गए ज़ेवरात की क़ीमत क़रीब दस लाख रुपए बताई गई है।कुल मिलाकर जितेंद्र पटेल को 12 लाख रुपए की आर्थिक हानि हुई है।घटना की जानकारी परिजनों को दूसरे दिन सुबह लगी जब परिजन जागे तो देखा कि घर के प्रवेश द्वारा का ताला टूटा है और जिस कमरे में चोरी हुई है उस कमरे के दरवाजे का कुंडा भी टूटा हुआ है।परिवार के साथ घर पहुंचकर जब सामान व जेवरात का मिलान किया तब मामले की थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।



घटना स्थल की जांच करते डॉग स्क्वाड की टीम।

**देर रात 12 बजे तक नहीं हुई थी चोरी**

सीएमओ जितेंद्र बहादुर ने बताया कि घटना दिवस की रात उनका छोटा भाई कम्पनी की सेकेंड शिफ्ट की ड्यूटी कर रात बारह बजे घर लौटा था इस दौरान सब ठीक था।घटना को चोरों ने देर रात दो बजे के बाद अंजाम दिया है ।गर्मी व उमस के कारण क्वार्टरो में कूलर चलने की वजह से आवाज नहीं आई और चोरों ने इत्मिनान के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया।उन्होंने बताया कि गहने व नगदी रकम के अलावा अज्ञात चोर अन्य कोई सामान नहीं ले गए है जिससे अनुमान लगाया जा रहा है की चोरों ने सुने आवास की पहले रेकी की होगी। बता दें कि नगर में एक के बाद एक छोटी बड़ी कई चोरी की वारदात हो रही है लेकिन पुलिस किसी एक मामले में भी चोरों तक नहीं पहुंच पा रही है जिससे पुलिस के कार्य करने के तरीके व सुस्त रवैये पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# फर्जी चेक से रक़म आहरण करने के मामले में दूसरे दिन भी नहीं हो पाया अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल कम्पनी के एसबीआई बैंक बिश्रामपुर शाखा के एकाउंट से अज्ञात ठग द्वारा फर्जी चेक के माध्यम से सैंतीस लाख तिरपन हजार रुपये आहरण कर लेने के मामले में घटना के दूसरे दिन तक भी अपराध दर्ज नहीं हो सका है।

- स्टेट बैंक बिश्रामपुर शाखा में देर शाम तक दस्तावेज खंगालती रही पुलिस
- यूनियन बैंक के दो नग चेक से नौ लाख रुपए की आहरित हुई रक़म अब तक नहीं हो पाई रिकवर

उक्त मामले में एसईसीएल कम्पनी प्रबंधन ने एसबीआई बैंक प्रबंधन को पत्र लिखकर आहरित हुई राशि को शीघ्र अपने बैंक खाते में वापस जमा करने का पत्र लिखकर बैंक प्रबंधन पर दबाव बढ़ा दिया है।बैंक प्रबंधन को लिखे पत्र में एसईसीएल प्रबंधन ने उल्लेख किया है कि विभिन्न आठ फर्जी चेक से जो कंपनी के खाते से गलत तरीके से आहरण कर भुगतान किया गया है ,उसकी बारीकी से जांच होनी चाहिए और उक्त रकम को खाते में जल्द समायोजित किया जाना चाहिए।इसके अतिरिक्त ऐसी घटना की दुबारा पुनरावृति न हो इसका प्रयास किया जाना चाहिए, अन्यथा विवश होकर कम्पनी को अपने बैंक खातों को यहां से अन्यंत्र ब्रांच में शिफ्ट कराना पड़ेगा।बता दें कि एसईसीएल बिश्रामपुर के एसबीआई बिश्रामपुर ब्रांच के बैंक खाते से अज्ञात लोगों द्वारा आठ की संख्या में फर्जी चेक के माध्यम से 37.53 लाख रुपये पंजाब नेशनल बैंक सदर बाजार बिलासपुर की शाखा सहित अन्य बैंकों से आहरण कर लिया गया।जबकि उक्त सीरीज व नंबर के चेक प्रबंधन ने अब तक जारी ही नहीं किए थे। मोटी रकम आहरण के बाद जब प्रबंधन को इसकी भनक लगी तो तत्काल बैंक शाखा में पहुंच शिकायत दर्ज कराई गई। बैंक प्रबंधन ने इसको बड़ी ख़ामी देखते हुए हुए तत्काल सक्रियता दिखाकर 28 लाख राशि को होल्ड करा वापस एसईसीएल के खाते में जमा करा दिया ,लेकिन एक सप्ताह पूर्व हुए दो चेक से नौ लाख की रकम अब अब तक वापस नहीं कराई जा सकी है।प्रबंधन की शिकायत के बाद बिश्रामपुर पुलिस आज गुरुवार को दिन भर बैंक में इस प्रकरण से जुड़े दस्तावेज जुटाने में लगी रही ,इस कारण देर शाम तक मामले में एफ आई आर दर्ज नहीं हो सकी थी।पुलिस पूरे दस्तावेज उपलब्ध होने के बाद प्राथमिकी दर्ज करने की बात कह रही है। एसबीआई बिश्रामपुर के प्रबंधक रवि सिंह ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक शाखा से फर्जी चेक द्वारा आहरित की गई बाईस लाख रुपए राशि रिकवर कर ली गई है जिसे एसईसीएल कम्पनी के बैंक खाते में समायोजित भी करा दिया गया है,यूनियन बैंक से दो चेक के माध्यम से आहरित नौ लाख की राशि वापसी के लिए संबंधित बैंक प्रबंधन को पत्र लिखा गया है, जल्द ही नौ लाख की राशि को भी रिकवर कर लिए जाने की उम्मीद है।

